Assistant Prosecution Officer (Home Deptt.) Exam - 2026 (Pre)
Exam Date - 02/09/2026

03.9.2026

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 32
Number of Pages in Booklet : 32
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 100
No. of Questions in Booklet : 100

OPA-62

इस प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए। Do not open this Question Booklet until you are asked to do so.

4011169

प्रश्न-पुस्तिका संख्या व बारकोड / Question Booklet No. & Barcode

Paper Code : 40

Sub : Law & Language

समय : 02:00 घण्टे + 10 मिनट अतिरिक्त*
Time : 02:00 Hours + 10 Minutes Extra*

अधिकतम अंक : 100
Maximum Marks : 100

प्रश्न-पुस्तिका के पेपर की सील/पॉलिथीन बैग को खोलने पर प्रश्न-पत्र हल करने से पूर्व परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि :

- प्रश्न-पुस्तिका संख्या तथा ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर अंकित बारकोड संख्या समान है।
- प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक के सभी पृष्ठ व सभी प्रश्न सही मुद्रित हैं। समस्त प्रश्न, जैसा कि ऊपर वर्णित है, उपलब्ध हैं तथा कोई भी पृष्ठ कम नहीं है/ मुद्रण त्रुटि नहीं है।

किसी भी प्रकार की विसंगति या दोषपूर्ण होने पर परीक्षार्थी वीक्षक से दूसरा प्रश्न-पत्र प्राप्त कर लें। यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट पश्चात् ऐसे किसी दावे/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

On opening the paper seal/polythene bag of the Question Booklet before attempting the question paper, the candidate should ensure that :

- **Question Booklet Number and Barcode Number of OMR Answer Sheet are same.**
- **All pages & Questions of Question Booklet and OMR Answer Sheet are properly printed. All questions as mentioned above are available and no page is missing/misprinted.**

If there is any discrepancy/defect, candidate must obtain another Question Booklet from Invigilator. Candidate himself shall be responsible for ensuring this. No claim/objection in this regard will be entertained after five minutes of start of examination.

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. प्रत्येक प्रश्न के लिये एक विकल्प भरना अनिवार्य है।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का मात्र एक ही उत्तर दीजिए। एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा।
4. OMR उत्तर-पत्रक इस प्रश्न-पुस्तिका के अन्दर रखा है। जब आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर-पत्रक निकाल कर उस पर अंकित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें तथा केवल नीले बॉल पॉइंट पेन से विवरण भरें।
5. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें। गलत रोल नम्बर भरने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।
6. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में करेक्शन पेन/व्हाईटनर/सफेदा का उपयोग निषिद्ध है।
7. प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा। गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है।
8. प्रत्येक प्रश्न के पाँच विकल्प दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः 1, 2, 3, 4, 5 अंकित किया गया है। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले (बबल) को उत्तर-पत्रक पर नीले बॉल पॉइंट पेन से गहरा करना है।
9. यदि आप प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते हैं तो उत्तर-पत्रक में पाँचवें (5) विकल्प को गहरा करें। यदि पाँच में से कोई भी गोला गहरा नहीं किया जाता है, तो ऐसे प्रश्न के लिये प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा।
10.* प्रश्न-पत्र हल करने के उपरांत अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक जाँच लें कि समस्त प्रश्नों के लिये एक विकल्प (गोला) भर दिया गया है। इसके लिये ही निर्धारित समय से 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
11. यदि अभ्यर्थी 10% से अधिक प्रश्नों में पाँच विकल्पों में से कोई भी विकल्प अंकित नहीं करता है तो उसको अयोग्य माना जायेगा।
12. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा।
13. मोबाइल फोन अथवा अन्य किसी इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

चेतावनी : अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम अध्युपाय) अधिनियम, 2022 तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों-प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी। साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. **It is mandatory to fill one option for each question.**
2. **All** questions carry equal marks.
3. Only one answer is to be given for each question. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
4. The **OMR** Answer Sheet is inside this Question Booklet. When you are directed to open the Question Booklet, take out the Answer Sheet, read the instructions carefully and fill in the particulars with **Blue Ball Point Pen** only.
5. Please correctly fill your Roll Number in **OMR** Answer Sheet. Candidates will themselves be responsible for filling wrong Roll No.
6. **Use of Correction Pen/Whitener in the OMR Answer Sheet is strictly forbidden.**
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question.
8. **Each question has five options marked as 1, 2, 3, 4, 5. You have to darken only one circle (bubble) indicating the correct answer on the Answer Sheet using BLUE BALL POINT PEN.**
9. **If you are not attempting a question then you have to darken the circle '5'. If none of the five circles is darkened, one third (1/3) part of the marks of question shall be deducted.**
10.* **After solving question paper, candidate must ascertain that he/she has darkened one of the circles (bubbles) for each of the questions. Extra time of 10 minutes beyond scheduled time, is provided for this.**
11. **A candidate who has not darkened any of the five circles in more than 10% questions shall be disqualified.**
12. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Versions of the question, the English Version will be treated as standard.
13. **Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt with as per rules.**

Warning : If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would be liable to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair means in Recruitment) Act, 2022 & any other laws applicable and Commission's Rules-Regulations.** Commission may also debar him/her permanently from all future examinations.

उत्तर-पत्रक में दो प्रतियाँ हैं – मूल प्रति और कार्बन प्रति। परीक्षा समाप्ति पर परीक्षा कक्ष छोड़ने से पूर्व परीक्षार्थी उत्तर-पत्रक की दोनों प्रतियाँ वीक्षक को सौंपेंगे, परीक्षार्थी स्वयं कार्बन प्रति अलग नहीं करें। वीक्षक उत्तर-पत्रक की मूल प्रति को अपने पास जमा कर, कार्बन प्रति को मूल प्रति से कट लाइन से मोड़ कर सावधानीपूर्वक अलग कर परीक्षार्थी को सौंपेंगे, जिसे परीक्षार्थी अपने साथ ले जायेंगे। परीक्षार्थी को उत्तर-पत्रक की कार्बन प्रति चयन प्रक्रिया पूर्ण होने तक सुरक्षित रखनी होगी एवं आयोग द्वारा माँगे जाने पर प्रस्तुत करनी होगी।

TARGET FOR IQ
RPSC original question paper | Prelims 2 September 2026
01 / 32

1. निम्नलिखित में से कौन सा सही सुमेलित है ?

(परिभाषा)	*(बी.एन.एस.एस., 2023 की धारा)*
(1) न्यायिक कार्यवाही	– धारा 2(1) (ढ)
(2) परिवाद	– धारा 2(1) (घ)
(3) इलेक्ट्रॉनिक संसूचना	– धारा 2(1) (ञ)
(4) जाँच	– धारा 2(1) (ट)

(5) अनुत्तरित प्रश्न

2. बी.एन.एस.एस., 2023 की धारा 3(2) के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन से कृत्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा नहीं किए जायेंगे ?

(1) केवल अभियोजन की मंजूरी

(2) केवल अभियोजन वापस लेना

(3) साक्ष्य का मूल्यांकन

(4) अभियोजन की मंजूरी एवं अभियोजन वापस लेना दोनों

(5) अनुत्तरित प्रश्न

3. 'क', 'य' को किसी इलेक्ट्रॉनिक युक्ति के माध्यम से यह संदेश भेजकर धमकी देता है कि तुम्हारा बच्चा मेरे कब्जे में है और उसे मार दिया जाएगा यदि तुम मुझे दस लाख रुपए नहीं देते हो । 'क' इस प्रकार 'य' को उसे पैसे देने के लिए उत्प्रेरित करता है । 'क' ने _____ किया है ।

(1) उद्दापन (2) लूट

(3) छल (4) बालक का उपापन

(5) अनुत्तरित प्रश्न

1. Which one of the following is correctly matched ?

(Definition)	*(Section of B.N.S.S., 2023)*
(1) Judicial Proceeding	– Section 2(1) (n)
(2) Complaint	– Section 2(1) (d)
(3) Electronic communication	– Section 2(1) (j)
(4) Inquiry	– Section 2(1) (k)

(5) Question not attempted

2. With reference to Section 3(2) of B.N.S.S., 2023 which of the following function is not exercisable by a Judicial Magistrate ?

(1) Sanctioning a prosecution only

(2) Withdrawing from a prosecution only

(3) The appreciation of evidence

(4) Sanctioning a prosecution and Withdrawing from a prosecution both

(5) Question not attempted

3. 'A' threatens 'Z' by sending a message through an electronic device that your child is in my possession, and will be put to death unless you send me ten lakh rupees. 'A' thus induces 'Z' to give him money. A has committed –

(1) Extortion

(2) Robbery

(3) Cheating

(4) Procuration of child

(5) Question not attempted

TARGET FOR IQ
RPSC original question paper | Prelims 2 September 2026
02 / 32

4. दं.प्र.सं., 1973 की धारा 161 के तहत, अन्वेषण करने वाला एक पुलिस अधिकारी सशक्त है :

(1) गिरफ्तारी का वारंट जारी करने के लिए ।

(2) गवाहों की मौखिक परीक्षा करने और उनके कथनों को लिखित रूप देने के लिए ।

(3) गैर-जमानती अपराधों के लिए जमानत देने के लिए ।

(4) अभियुक्त से संस्वीकृति के लिए विवश करने के लिए ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

5. बी.एन.एस.एस., 2023 के अंतर्गत यदि अन्वेषण 24 घंटों की अवधि में पूरा नहीं किया जा सकता, तो पुलिस अधिकारी गिरफ्तार किए अभियुक्त को _____ भेजेगा ।

(1) पुलिस अधीक्षक के पास

(2) निकटतम मजिस्ट्रेट के पास

(3) जिला मजिस्ट्रेट के पास

(4) सत्र न्यायालय के पास

(5) अनुत्तरित प्रश्न

6. बी.एन.एस.एस., 2023 की धारा 37(ख) के अनुसार, राज्य सरकार प्रत्येक जिले और प्रत्येक पुलिस थाने में एक पुलिस अधिकारी पदाभिहित करेगी, जो _____ की पंक्ति से नीचे का नहीं होगा ।

(1) सहायक पुलिस उपनिरीक्षक

(2) पुलिस उपनिरीक्षक

(3) पुलिस निरीक्षक

(4) उप-पुलिस अधीक्षक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

4. Under Sec. 161 of Cr.P.C., 1973, a police officer making an investigation is empowered to :

(1) Issue a warrant of arrest.

(2) Examine witnesses orally and reduce their statements to writing.

(3) Grant bail for non-bailable offence.

(4) Compel a confession from the accused.

(5) Question not attempted

5. Under B.N.S.S., 2023, if an investigation cannot be completed within 24 hours, the police officer must forward the arrested accused to –

(1) The Superintendent of Police

(2) The nearest Magistrate

(3) The District Magistrate

(4) The Sessions Court

(5) Question not attempted

6. According to Section 37(b) of B.N.S.S., 2023, the State Government shall designate a police officer in every district and in every police station not below the rank of _____

(1) Assistant Sub-inspector of Police

(2) Sub-Inspector of Police

(3) Inspector of Police

(4) Deputy Superintendent of Police

(5) Question not attempted

Target for IQ
TARGET FOR IQ
RPSC original question paper | Prelims 2 September 2026
03 / 32

7. निम्नलिखित में से कौन सा बी.एन.एस.एस., 2023 के सुसंगत प्रावधान के अनुसार 'सामुदायिक सेवा' का लक्षण नहीं है ?

(1) यह कि कार्य समुदाय के लाभ के लिए किया जाता है ।

(2) ऐसा कार्य दोषसिद्ध व्यक्ति द्वारा किया जाता है ।

(3) यह कि यह दण्ड का एक रूप है ।

(4) यह कि दोषसिद्ध व्यक्ति कार्य के लिए पारिश्रमिक का हकदार होगा ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

8. बी.एन.एस.एस., 2023 की निम्न में से किस धारा में 'मजिस्ट्रेट की लिखित अनुदेश आदि देने की शक्ति' अंतर्विष्ट है ?

(1) धारा 157 में (2) धारा 158 में

(3) धारा 159 में (4) धारा 160 में

(5) अनुत्तरित प्रश्न

9. धारा 133 द.प्र.सं. के अंतर्गत कार्यवाही के दौरान यदि कोई व्यक्ति किसी मार्ग, नदी, जलधारा या स्थान पर लोक अधिकार के अस्तित्व से इनकार करता है, तो मजिस्ट्रेट :

(1) तुरंत सशर्त आदेश को अंतिम बना देगा ।

(2) यदि इनकार के समर्थन में विश्वसनीय साक्ष्य हो तो कार्यवाही स्थगित कर देगा ।

(3) प्रत्येक मामले में पूरी कार्यवाही सिविल न्यायालय को स्थानांतरित कर देगा ।

(4) कार्यवाही को स्थायी रूप से बन्द कर देगा ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

7. Which one of the following is not a feature of 'Community Service' according to the relevant provision of B.N.S.S., 2023 ?

(1) That the work is performed for the benefit of community.

(2) That such work is performed by a convict.

(3) That it is a form of punishment.

(4) That the convict is entitled to remuneration for the work.

(5) Question not attempted

8. Which of the following section of B.N.S.S., 2023 contains the 'Power of Magistrate to furnish written instructions, etc.' ?

(1) Section 157 (2) Section 158

(3) Section 159 (4) Section 160

(5) Question not attempted

9. When, in a proceeding under Section 133 Cr.P.C., a person denies the existence of a public right over any way, river, channel or place, the Magistrate shall :

(1) Immediately make the conditional order absolute.

(2) Stay the proceeding if there is reliable evidence supporting the denial.

(3) Transfer the entire proceedings to Civil Court in every case.

(4) Close the proceeding permanently.

(5) Question not attempted

TARGET FOR IQ
RPSC original question paper | Prelims 2 September 2026
04 / 32

10. दं.प्र.सं., 1973 की धारा 154 के तहत, किसी संज्ञेय अपराध के किए जाने के संबंध में पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी को दी गई जानकारी को सामान्यत: क्या कहा जाता है ?

(1) जनरल डायरी प्रविष्टि
(2) प्रथम सूचना रिपोर्ट
(3) आरोप पत्र
(4) मृत्य-समीक्षा रिपोर्ट
(5) अनुत्तरित प्रश्न

11. बी.एन.एस.एस., 2023 की धारा 152 के अधीन लोक न्यूसेंस के संबंध में सही कथन का चयन कीजिए।

(1) न्यूसेंस हटाने के सशर्त आदेश को किसी भी सिविल न्यायालय में चुनौती दी जा सकती है।
(2) धारा 152 के अधीन किसी मजिस्ट्रेट द्वारा सम्यक रूप से दिए गए आदेश को किसी सिविल न्यायालय में प्रश्नगत नहीं किया जाएगा।
(3) केवल जिला मजिस्ट्रेट के पास धारा 152 के अधीन आदेश जारी करने की शक्ति है।
(4) इस धारा के प्रयोजनों के लिए "लोक स्थान" के अंतर्गत आमोद-प्रमोद के प्रयोजन के लिए खाली छोड़े गए मैदान सम्मिलित नहीं हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

12. कर्नाटक राज्य बनाम डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया, AIR 2004 S.C. 2081 का वाद दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की किस धारा से संबंधित है ?

(1) धारा 133 (2) धारा 144
(3) धारा 145 (4) धारा 146
(5) अनुत्तरित प्रश्न

10. Under Section 154 of Cr.P.C., 1973, information given to an officer incharge of a police station relating to the commission of a cognizable offence is commonly known as :

(1) General Diary Entry
(2) First Information Report
(3) Charge Sheet
(4) Inquest Report
(5) Question not attempted

11. Regarding public nuisances under Section 152 of B.N.S.S., 2023 choose the correct statement.

(1) A conditional order for removal of nuisance can be questioned in any Civil Court.
(2) No order duly made by a Magistrate under Section 152 shall be called in question in any Civil Court.
(3) Only the District Magistrate has the power to issue orders under Section 152.
(4) A "public place" for the purpose of this section excludes grounds left unoccupied for recreative purposes.
(5) Question not attempted

12. The case of State of Karnataka v. Dr. Praveen Bhai Thogadia, AIR 2004 S.C. 2081 relates to which section of Cr.P.C., 1973 ?

(1) Section 133 (2) Section 144
(3) Section 145 (4) Section 146
(5) Question not attempted

TARGET FOR IQ
RPSC original question paper | Prelims 2 September 2026
05 / 32

13. दं.प्र.सं., 1973 की धारा 28 के अनुसार, उच्च न्यायालय पारित कर सकता है
(1) विधि द्वारा प्राधिकृत कोई भी दण्डादेश
(2) सर्वोच्च न्यायालय की पुष्टि के साथ ही मृत्युदंड
(3) केवल 14 वर्ष तक का कारावास
(4) केवल आजीवन कारावास
(5) अनुत्तरित प्रश्न

14. निम्न में से कौन सा आधार, पत्नी के पक्ष में धारा 144(1) बी.एन.एस.एस., 2023 के अंतर्गत पारित आदेश को, धारा 144(5) में आदेश को रद्द करने का उल्लिखित नहीं है ?
(1) यदि वह जारता की दशा में रह रही है।
(2) यदि उसने अपने भरणपोषण के अधिकार का स्वेच्छया अभ्यर्पण कर दिया है।
(3) यदि वे पारस्परिक सम्मति से पृथक् रह रहे हैं।
(4) यदि वह पर्याप्त कारण के बिना अपने पति के साथ रहने से इंकार करती है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

15. निम्नलिखित में से किस वाद में उच्चतम न्यायालय ने बी.एन.एस.एस., 2023 की धारा 175(3) एवं दं.प्र.सं., 1973 की धारा 156(3) के मध्य अंतर के बिंदुओं का उल्लेख किया ?
(1) ओमी उर्फ ओमकार राठौर एवं अन्य बनाम स्टेट ऑफ एम.पी. एवं अन्य AIR 2025 SC 721 में
(2) हंसराज बनाम छत्तीसगढ़ राज्य, AIR 2025 SC 841 में
(3) पंजाब राज्य बनाम हरिकेश, AIR 2025 SC 729 में
(4) ओम प्रकाश अंबेडकर बनाम महाराष्ट्र राज्य एवं अन्य, AIR 2025 SC 970 में
(5) अनुत्तरित प्रश्न

13. According to Sec. 28 of the Cr.P.C., 1973, a High Court may pass
(1) Any sentence authorized by law.
(2) A sentence of death only with the confirmation of Supreme Court.
(3) Imprisonment up to 14 year only.
(4) Imprisonment for life only.
(5) Question not attempted

14. Which of the following grounds is not stated in Section 144(5) of B.N.S.S., 2023 for cancellation of an order passed in favour of a wife under Section 144(1) ?
(1) If she is living in adultery.
(2) If she had voluntarily surrendered her right to maintenance.
(3) If they are living separately by mutual consent.
(4) If without sufficient reason she refuses to live with her husband.
(5) Question not attempted

15. In which of the following cases Supreme Court pointed out the points of difference between Section 175(3) of B.N.S.S., 2023 and Section 156(3) of Cr.P.C., 1973 ?
(1) Omi alias Omkar Rathore & another v. State of M.P. & another, AIR 2025 SC 721
(2) Hansraj v. State of Chhattisgarh, AIR 2025 SC 841
(3) State of Punjab v. Harikesh, AIR 2025 SC 729
(4) Om Prakash Ambadkar v. State of Maharashtra and others, AIR 2025 SC 970
(5) Question not attempted

16. दं.प्र.सं., 1973 की धारा 167 के तहत, पुलिस हिरासत की अधिकतम अवधि कितनी है जिसे एक मजिस्ट्रेट प्रारंभिक रूप से अन्वेषण के दौरान अधिकृत कर सकता है ?

(1) 7 दिन (2) 14 दिन

(3) 15 दिन (4) 30 दिन

(5) अनुत्तरित प्रश्न

16. Under Sec. 167 of the Cr.P.C., 1973 the maximum period of police custody that a Magistrate can authorize during an investigation initially is :

(1) 7 days (2) 14 days

(3) 15 days (4) 30 days

(5) Question not attempted

17. बी.एन.एस.एस., 2023 की धारा 157(3) का परंतुक उल्लेख करता है कि इस धारा के अधीन कार्यवाहियाँ _____ यथाशीघ्र पूर्ण की जायेगी ।

(1) तीस दिनों के भीतर

(2) साठ दिनों के भीतर

(3) नब्बे दिनों के भीतर

(4) एक सौ बीस दिनों के भीतर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

17. Proviso to Section 157(3) of B.N.S.S., 2023 provides that the proceedings under this section shall be completed, as soon as possible, within a period of :

(1) Thirty days

(2) Sixty days

(3) Ninety days

(4) One hundred and twenty days

(5) Question not attempted

18. बी.एन.एस.एस., 2023 की धारा 176 के अंतर्गत रिपोर्ट प्राप्त होने पर मजिस्ट्रेट के पास कौन सा विकल्प उपलब्ध है ?

(1) केवल पुलिस अन्वेषण का आदेश देना ।

(2) अन्वेषण का निर्देश देना या स्वयं अथवा अपने अधीनस्थ मजिस्ट्रेट के माध्यम से प्रारंभिक जाँच करना ।

(3) मामले को सत्र न्यायालय को भेजना ।

(4) बिना जाँच के मामला बंद करना ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

18. What option is available to Magistrate upon receiving a report under Section 176 of B.N.S.S., 2023 ?

(1) Order only investigation by police

(2) Direct investigation or proceed himself or through a subordinate Magistrate for preliminary inquiry.

(3) Refer the case to Sessions Court.

(4) Close the case without inquiry.

(5) Question not attempted

Target for IQ
TARGET FOR IQ
RPSC original question paper | Prelims 2 September 2026
07 / 32

19. निम्नलिखित वादों में से किस वाद में यह संप्रेक्षित किया गया कि यदि पुलिस थाने के भारसाधक अधिकारी द्वारा प्राप्त इत्तिला से संज्ञेय अपराध का कारित किया जाना प्रकट हो तो एफ आई आर दर्ज करना आज्ञापक है ?

(1) मोहम्मद अफजल मोहम्मद शरीफ बनाम महाराष्ट्र राज्य एवं अन्य, AIR 2025 SC 4842 में

(2) अख्तर अली उर्फ अली अख्तर उर्फ शमीम उर्फ राजा उस्ताद बनाम उत्तराखण्ड राज्य, AIR 2025 SC 4717 में

(3) ज्योत्सना देवी बनाम असम राज्य एवं अन्य, AIR 2025 SC 4576 में

(4) एम. जमीला बनाम केरल राज्य एवं अन्य आदि, AIR 2025 SC 5363 में

(5) अनुत्तरित प्रश्न

20. बी.एन.एस.एस., 2023 की धारा 43(3) के अनुसार, पुलिस अधिकारी किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी करते समय हथकड़ी का प्रयोग नहीं कर सकता, जिसने _____ अपराध कारित किया है ।

(1) सिक्कों और करेंसी नोट का कूटकरण का

(2) सार्वजनिक परीक्षा प्रश्नपत्रों का विक्रय का

(3) सतत विधिविरुद्ध क्रियाकलाप का

(4) मानव दुर्व्यापार का

(5) अनुत्तरित प्रश्न

19. In which of the following cases it was observed that if the information received by an officer-in-charge of Police Station discloses commission of a cognizable offence, it is mandatory to register FIR ?

(1) Mohammad Afzal Mohammad Sharif v. State of Maharashtra & others, AIR 2025 SC 4842.

(2) Akhtar Ali alias Ali Akhtar alias Shamim alias Raja Ustad v. State of Uttarakhand, AIR 2025 SC 4717.

(3) Jyotsna Devi v. State of Assam & others, AIR 2025 SC 4576.

(4) M. Jameela v. State of Kerala & another etc., AIR 2025 SC 5363.

(5) Question not attempted

20. According to Section 43(3) of B.N.S.S., 2023, the police officer may not use handcuff while making the arrest of a person, who has committed offence of _____.

(1) Counterfeiting of coins and currency notes

(2) Selling of public examination question papers

(3) Continuing unlawful activity

(4) Human trafficking

(5) Question not attempted

21. 'क' पर 'ख' को धमकी भरे पत्र भेजने का आरोप है । इन पत्रों का _____ दर्शित करने के नाते 'क' द्वारा 'ख' को पहले भेजे गये धमकी भरे पत्र साबित किए जा सकेंगे ।

(1) आशय (2) ज्ञान

(3) सद्भाव (4) वैमनस्य

(5) अनुत्तरित प्रश्न

22. बी.एस.ए., 2023 की धारा 6 के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन सा सुसंगत नहीं है ?

(1) हेतु

(2) आशय

(3) पूर्ववर्ती आचरण

(4) तैयारी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

23. दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 164(3) के अन्तर्गत, यदि मजिस्ट्रेट के समक्ष हाजिर व्यक्ति यह कथन करता है कि वह संस्वीकृति करने के लिए इच्छुक नहीं है, तो मजिस्ट्रेट

(1) उसके पुलिस की अभिरक्षा में निरोध को प्राधिकृत नहीं करेगा ।

(2) उसके पुलिस की अभिरक्षा में निरोध को प्राधिकृत करेगा ।

(3) उसे जमानत पर रिहा करेगा ।

(4) ज्ञापन लिखेगा ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

21. 'A' is charged with sending threatening letters to 'B'. Threatening letters previously sent by 'A' to 'B' may be proved, as showing the _____ of the letters.

(1) intention

(2) knowledge

(3) good faith

(4) ill-will

(5) Question not attempted

22. Which one of the following is not relevant under Section 6 of B.S.A., 2023 ?

(1) Motive

(2) Intention

(3) Previous conduct

(4) Preparation

(5) Question not attempted

23. Under Section 164(3) of Cr.P.C., 1973, if the person appearing before the Magistrate states that he is not willing to make confession, the Magistrate shall –

(1) Not authorise his detention in police custody.

(2) Authorise his detention in police custody.

(3) Release him on bail.

(4) Make a memorandum.

(5) Question not attempted

TARGET FOR IQ
RPSC original question paper | Prelims 2 September 2026
09 / 32

24. नीरज कुमार उर्फ नीरज यादव बनाम उ.प्र. राज्य एवं अन्य AIR 2026 SC 41 के प्रकाश में निम्नलिखित कथनों का परीक्षण कर बताइये कि कौन सा कथन सही नहीं है ।

(1) मृत्युकालिक कथन का आवश्यक रूप से मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में अभिलिखित किया जाना जरूरी नहीं है ।

(2) घोषणाकर्त्ता के मस्तिष्क की उपयुक्तता के बारे में डॉक्टर के प्रमाणपत्र के अभाव में मृत्युकालिक कथन स्वत: अस्वीकार्य नहीं होता ।

(3) विधि यह अपेक्षा नहीं करती कि घोषणाकर्त्ता, कथन करते समय मृत्यु की छाया या प्रत्याशा के अंतर्गत हो ।

(4) मृतक व्यक्ति द्वारा अपनी मृत्यु के कारण के बारे में पुलिस अधिकारी को किया गया कथन, जिसे दं.प्र.सं., 1973 की धारा 161 के अंतर्गत अभिलिखित किया गया हो, धारा 162 दं.प्र.सं., 1973 में उल्लिखित अभिव्यक्त रूप से वर्जित होने के कारण साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 32(1) के अंतर्गत सुसंगत एवं ग्राह्य नहीं होगा ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

25. बी.एस.ए., 2023 की धारा 47 से 49 के दृष्टिगत निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(1) दाण्डिक कार्यवाहियों में उत्तर में होने के सिवाय, यह तथ्य कि अभियुक्त व्यक्ति बुरे शील का है, विसंगत है ।

(2) दाण्डिक कार्यवाहियों में यह तथ्य सुसंगत है कि अभियुक्त व्यक्ति अच्छे शील का है ।

(3) भा.न्या.सं., 2023 की धारा 64 के अधीन किसी अपराध के लिए अभियोजन में, जहाँ सम्मति का प्रश्न विवाद्य है वहाँ पीड़ित के शील का साक्ष्य, सम्मति के मुद्दे पर सुसंगत होगा ।

(4) पूर्व दोषसिद्धि बुरे शील के साक्ष्य के रूप में सुसंगत है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

24. Examine the following statements in the light of Neeraj Kumar @ Neeraj Yadav v. State of U.P. & others, AIR 2026 SC 41 and find out the statement which is not correct.

(1) Dying declaration need not necessarily be recorded in the presence of a Magistrate.

(2) That the lack of a doctor's certificate as to the fitness of the declarant's state of mind would not ipso facto render the dying declaration unacceptable.

(3) The law does not require that a declarant, at the time of making the statement, to be under the shadow of death or expectation of death.

(4) That a statement made by deceased person as to the cause of his death, to a police officer and recorded under Section 161 Cr.P.C., 1973, shall not be relevant and admissible under Section 32(1) of the Evidence Act, 1872 because of the express bar provided under Section 162 of Cr.P.C., 1973.

(5) Question not attempted

25. Which one of the following statements is not correct in view of Sections 47 to 49 of B.S.A., 2023 ?

(1) In criminal proceedings, the fact that the accused has a bad character is irrelevant, except in reply.

(2) In criminal proceedings, the fact that the person accused is of a good character, is relevant.

(3) In a prosecution for an offence under Section 64 of B.N.S., 2023, where the question of consent is in issue, evidence of the character of victim shall be relevant on the issue of such consent.

(4) A previous conviction is relevant as evidence of bad character.

(5) Question not attempted

TARGET FOR IQ
RPSC original question paper | Prelims 2 September 2026
10 / 32

26. चोरी का अभियुक्त 'क' चुराई हुई सम्पत्ति 'ख' को देते हुए देखा जाता है, जो उसे 'क' की पत्नी को देते हुए देखा जाता है । 'ख' उसे परिदान करते हुए कहता है कि "क ने कहा है कि तुम इसे छिपा दो ।" ख का कथन उस संव्यवहार का भाग होने वाले तथ्य को _____ होने के कारण सुसंगत है ।

(1) पुर:स्थापन करने वाला
(2) स्पष्ट करने वाला
(3) समर्थन करने वाला
(4) खण्डन करने वाला
(5) अनुत्तरित प्रश्न

27. भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 की धारा 23(2) के अन्तर्गत किसी मामले में अभियुक्त पुलिस को यह बयान देता है, "जिस बंदूक से मैंने B की हत्या की थी, उसे मैंने अपने बगीचे में पेड़ के नीचे दबा रखा है । मैं आपको वह स्थान दिखाऊँगा ।"
इस कथन में अग्राह्य भाग है –

(1) मैंने बंदूक दबा रखी है ।
(2) जिससे मैंने B की हत्या की थी ।
(3) पेड़ के नीचे
(4) अपने बगीचे में
(5) अनुत्तरित प्रश्न

28. भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 3 के तहत, 'तथ्य' शब्द में शामिल है :

(1) कोई भी वस्तु, वस्तुओं की स्थिति, या वस्तुओं का संबंध, जो इंद्रियों द्वारा बोधगम्य हो ।
(2) कोई भी मानसिक स्थिति जिसका किसी व्यक्ति को भान हो ।
(3) कोई भी वस्तु, वस्तुओं की स्थिति, या वस्तुओं का संबंध, जो इंद्रियों द्वारा बोधगम्य हो और कोई भी मानसिक स्थिति जिसका किसी व्यक्ति को भान हो दोनों ।
(4) केवल भौतिक वस्तुएँ और दृश्य घटनाएँ ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

26. 'A', accused of theft, is seen to give the stolen property to 'B', who is seen to give it to A's wife. B says as he delivers it - "A says you are to hide this." B's statement is relevant as _____ of a fact which is part of the transaction.

(1) Introductory
(2) Explanatory
(3) Supportive
(4) Rebutting
(5) Question not attempted

27. In a case under Section 23(2) of B.S.A., 2023 the accused stated to the police, "I have buried the gun with which I killed B, under the tree in my garden. I will show you." The inadmissible part of this statement is –

(1) I have buried the gun.
(2) With which I killed B.
(3) Under the tree
(4) In my garden
(5) Question not attempted

28. Under Sec. 3 of the Indian Evidence Act, 1872, the term 'Fact' includes :

(1) Anything, state of things, or relation of things, capable of being perceived by the senses.
(2) Any mental condition of which any person is conscious.
(3) Anything, state of things, or relation of things, capable of being perceived by the senses and any mental condition of which any person is conscious both.
(4) Only physical objects and visible events.
(5) Question not attempted

TARGET FOR IQ
RPSC original question paper | Prelims 2 September 2026
11 / 32

29. एक अभियुक्त की संस्वीकृति उसके सह-अभियुक्त के विरुद्ध ग्राह्य हो सकती है –

(1) यदि उनका संयुक्त विचारण हो रहा हो परन्तु उसी अपराध के लिए नहीं ।

(2) यदि उनका एक ही अपराध के लिए विचारण हो रहा हो पर संयुक्त रूप से नहीं ।

(3) यदि उनका अलग-अलग अपराधों के लिए अलग-अलग विचारण हो रहा हो ।

(4) यदि उनका एक ही अपराध के लिए संयुक्त विचारण हो रहा हो ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

30. पलविन्दर कौर बनाम पंजाब राज्य वाद निम्नलिखित में से किससे संबंधित है ?

(1) मृत्युकालिक कथन

(2) संस्वीकृति

(3) निर्णयों की सुसंगति

(4) स्वीकृति

(5) अनुत्तरित प्रश्न

31. 'अ' और 'ब' ने मिलकर 'स' की हत्या कारित करने का षड्यंत्र किया । यह तथ्य कि 'अ' ने दवाई की दुकान से विष लाकर 'ब' तक पहुँचाया –

(i) षड्यंत्र का अस्तित्व साबित करने के लिए सुसंगत है ।

(ii) 'अ' और 'ब' के विरुद्ध सुसंगत है ।

(iii) यह दर्शित करने के लिए कि 'अ' षड्यंत्र का पक्षकार था, सुसंगत है ।

सही कथन/कथनों का चयन कीजिए –

(1) केवल (i)

(2) केवल (i) और (iii)

(3) केवल (i) और (ii)

(4) (i), (ii) और (iii) सभी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

29. When confession of one accused is proved, it may be admissible against co-accused –

(1) If they are tried jointly but not for the same offence.

(2) It they are tried for the same offence but not jointly.

(3) If they are tried for different offences and separately.

(4) It they are tried jointly and for the same offence.

(5) Question not attempted

30. Palvinder Kaur v. State of Punjab case relates to which of the following ?

(1) Dying declaration

(2) Confession

(3) Relevancy of judgements

(4) Admission

(5) Question not attempted

31. 'A' and 'B' conspired together to commit the murder of 'C'. The fact that 'A' procured poison from drug store and supplied it to 'B' is –

(i) relevant to prove the existence of conspiracy.

(ii) relevant against 'A' and 'B' each.

(iii) relevant for showing that 'A' was a party to the conspiracy.

Which statement(s) is/are correct ?

(1) Only (i)

(2) Only (i) and (iii)

(3) Only (i) and (ii)

(4) (i), (ii) and (iii) all

(5) Question not attempted

TARGET FOR IQ
RPSC original question paper | Prelims 2 September 2026
12 / 32

32. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अन्तर्गत निम्नलिखित में से सही संयोजन का चयन कीजिए :

(1) धारा 6 – पश्चातवर्ती दोषसिद्धि के लिए वर्धित दण्ड

(2) धारा 4(2)(ङ) – पीड़ितों या साक्षियों के कथन को अभिलिखित करना

(3) धारा 4(2)(च) – किसी दस्तावेज या इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख को सही रूप से तैयार, विरचित करना तथा उसका अनुवाद करना

(4) धारा 9 – अपराधों के बारे में उपधारणा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

33. निम्नलिखित में से किस वाद में यह धारण किया गया कि यदि परिवादी के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणी करते समय लोक का कोई सदस्य उपस्थित नहीं हो तो अनु.जाति एवं अनु.जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 3(1) (द) या (ध) प्रयोज्य नहीं होगी ?

(1) सिक्किम राज्य एवं अन्य बनाम मूलराज कोतवाल, AIR 2025 SC 2455

(2) हुतु अंसारी उर्फ फुतु अंसर एवं अन्य बनाम झारखंड राज्य, AIR 2025 SC 2465

(3) कृष्ण कुमार बनाम हरियाणा राज्य एवं अन्य, AIR 2025 SC 2468

(4) उत्तर प्रदेश राज्य बनाम गौरव कुमार एवं अन्य, AIR 2025 SC 2503

(5) अनुत्तरित प्रश्न

32. Choose the correct combination from the following under the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes (Prevention of Atrocities) Act, 1989 :

(1) Section 6 – Enhanced punishment for subsequent conviction.

(2) Section 4(2)(e) – to record the statement of the victims or witnesses.

(3) Section 4(2)(f) – to correctly prepare, frame and translate any document or electronic record.

(4) Section 9 – Presumption as to offences.

(5) Question not attempted

33. In which of the following cases, it was held that 'if no member of public present at the time of making derogatory remarks against the complainant, clause (r) or (s) of Section 3(1) of SC and ST (Prevention of Atrocities) Act, 1989 shall not be attracted ?

(1) State of Sikkim & others v. Mool Raj Kotwal, AIR 2025 SC 2455.

(2) Hutu Ansari alias Futu Ansar & Ors. v. State of Jharkhand, AIR 2025 SC 2465

(3) Krishan Kumar v. State of Haryana & Ors., AIR 2025 SC 2468

(4) State of U.P. v. Gaurav Kumar & Ors., AIR 2025 SC 2503

(5) Question not attempted

TARGET FOR IQ
RPSC original question paper | Prelims 2 September 2026
13 / 32

34. आयुध अधिनियम, 1959 की धारा 2 में निम्नलिखित में से किस पद को आयुध (संशोधन) अधिनियम, 2019 द्वारा अन्त:स्थापित किया गया ?

(1) अर्जन

(2) अनुज्ञप्ति

(3) अनुज्ञापन अधिकारी

(4) प्रतिषिद्ध गोला-बारूद

(5) अनुत्तरित प्रश्न

35. किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 की निम्नलिखित में से कौन सी धारा 'प्रवर्तकता' पद को परिभाषित करती है ?

(1) धारा 2(58)

(2) धारा 2(28)

(3) धारा 2(25)

(4) धारा 2(52)

(5) अनुत्तरित प्रश्न

36. आयुध अधिनियम, 1959 के अंतर्गत "प्रतिषिद्ध गोला-बारूद" की परिभाषा में इनमें से क्या शामिल नहीं है ?

(1) अपायकर गैस को अन्तर्विष्ट रखने वाला गोला-बारूद

(2) अस्त्र (मिसाईल्स)

(3) अन्त:समुद्री सुरंगें बिछाने के लिए परिकल्पित वस्तुएँ

(4) वायुयान-भेदी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

34. In Section 2 of the Arms Act, 1959, which of the following terms was inserted by the Arms (Amendment) Act, 2019 ?

(1) Acquisition

(2) Licence

(3) Licensing authority

(4) Prohibited ammunition

(5) Question not attempted

35. Which of the following sections of the Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2015 defines the term 'Sponsorship' ?

(1) Section 2(58)

(2) Section 2(28)

(3) Section 2(25)

(4) Section 2(52)

(5) Question not attempted

36. Which among the following is not included in the definition of "Prohibited Ammunition" under the Arms Act, 1959 ?

(1) Noxious gas containing ammunition.

(2) Missiles

(3) Articles designed for submarine mining

(4) Anti-aircraft

(5) Question not attempted

37. ओम प्रकाश उर्फ इजराइल उर्फ राजू उर्फ राजू दास बनाम भारत संघ एवं अन्य, AIR 2025 SC 787 के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है ?

(1) किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की धारा 9(2) सम्पूर्ण अधिनियम का हृदय एवं आत्मा है, जिसे पूर्ण अर्थ दिया जाना चाहिए ।

(2) यदि किसी बालक द्वारा कोई अपराध कारित किया जाता है तब उसके साथ किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के प्रावधानों से अन्यथा व्यवहारित किया जा सकता है ।

(3) यह कि किशोर न्यायालय माता-पिता (पेरेण्ट) की एक प्रजाति (स्पेशीज) है ।

(4) न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने वाले किशोर अपचारी को संरक्षित एवं पुन:शिक्षित किया जावे ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

